# जनवरी तक चीनी उत्पादन 19 फीसदी बढ़ा

देश में गन्ने की पेराई बढ़ने से 15 जनवरी तक चीनी उत्पादन में 19 फीसदी बढ़ोतरी हुई। भारतीय चीनी मिल संघ (इस्मा) के आंकड़ों के मुताबिक इस तारीख तक चीनी उत्पादन 1.03 करोड़ टन रहा जो पिछले साल इसी अवधि के दौरान 86.5 लाख टन था। इस सीजन में चीनी के उत्पादन में महाराष्ट्र का योगदान पहले के 31 लाख टन के मुकाबले 43 लाख टन रहा जबकि उत्तर प्रदेश का योगदान 19.6 लाख टन के मुकाबले 25 लाख टन रहा। वर्ष 2014-15 के अग्रिम अनुमान के मुताबिक गन्ने का उत्पादन घटकर 34.27 करोड़ टन रह सकता है जो पिछले साल 35 करोड़ टन था क्योंकि इस साल गन्ने की पेराई का सीजन जल्द ही खत्म हो सकता है। *बीएस*

Business Standard

17/1/15